Connecticut Birth to Three System

IDEA के भाग C के अंतर्गत माता-पिता के अधिकार

विकासात्मक देरी या विकलांगता वाले शिशुओं और बच्चों के परिवारों के लिए

जनवरी 2022

कानून क्या कहता है

जब किसी परिवार में विशेष देखभाल की जरूरत वाले बच्चे होतें हैं, तो जीवन उम्मीद से अधिक मुश्किल हो सकता है।

बच्चे के विकास के लिए उसके परिवार से ज्यादा महत्वपूर्ण और कोई नहीं होता है। इसलिए माता-पिता को संघीय कानून के तहत, अपने अधिकारों को जानकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

यह पुस्तिका इसी लक्ष्य को पाने में मदद करने के लिए लिखी गई थी।

Individuals with Disabilities Education Act (IDEA, विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम) नाम का एक संघीय कानून है, जो विकलांग या विकासात्मक देरी वाले बच्चों के लिए विशेष शिक्षा को संचालित करता है। इस कानून का भाग C, शिशुओं और बच्चों के परिवारों का समर्थन करता है और कुछ अधिकारों की गारंटी देता है जिन्हें प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय कहा जाता है। IDEA के तहत परिवारों के अधिकार, बाल विकास के 211 नंबर पर Birth to Three System (जन्म से लेकर तीन वर्ष की उम्र तक के लिए संचालित व्यवस्था) पर परामर्श लेने के साथ शुरू होते हैं। Birth to Three जाति, संस्कृति, धर्म, ▯ य स्तर या विकलांगता के ▯ धार पर भेदभाव नहीं करता।

यदि ▯ पको IDEA की पूरी कॉपी चाहिए, तो **Birth23.org** पर जाएं और 'About Us (हमारे बारे में)' पर क्लिक करने के बाद Related Laws and Regulations (संबंधित कानून और विनियम) पर क्लिक करें या एक प्रिंटिड कॉपी पाने के लिए **860-500-4400** पर कॉल करें।

IDEA हर एक माता-पिता को निम्नलिखित सुरक्षा देता है:

1. जानकारी मिलने के बाद लिखित सहमति देने का अधिकार:

माता-पिता को निम्नलिखित बातों के लिए पहले अपनी लिखित अनुमति देनी होगी- अपने बच्चे के मूल्यांकन से पहले; सेवाओं के शुरू होने या उनके बदलने के पहले; और अपने बच्चे या परिवार से जुड़ी जानकारी को किसी और के साथ साझा करने से पहले। निर्णय लेने या

लिखित सहमति देने के लिए कहने से पहले, माता-पिता को कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है। लिखित सहमति को किसी भी समय लिखित तौर पर रद्द किया जा सकता है।

2. लिखित सूचना प्राप्त करने का अधिकार:

किसी भी तरह के मूल्यांकन या कलन से पहले माता-पिता को अपने कार्यक्रम से एक लिखित सूचना मिलनी चाहिए। इसके साथ ही, निम्नलिखित बातों के लिए निर्णय लेने से पहले, एक उचित अवधि के अंदर लिखित सूचना दी जानी चाहिए:

- पात्रता
- Individualized Family Service Plan (IFSP, व्यक्तिगत परिवार सेवा योजना) की बैठकें
- सेवाओं की शुरु त या उनमें बदलाव
- सेवाओं से इनकार
- Birth to Three कार्यक्रम को छोड़ना

3. एक समन्वित IFSP या व्यक्तिगत परिवार सेवा योजना का अधिकार:

IFSP एक लिखित योजना है जिसे एक टीम द्वारा, एक परिवार के अपने और अपने बच्चों के नतीजों को रिकॉर्ड करने के लिए बनाया गया है। इसमें Birth to Three की वे सेवाएं सूचीबद्ध हैं जो उन नतीजों तक पहुँचने में मदद करेंगी और यह भी बताएंगी कि कब, कहां और कैसे Early Intervention Services (EIS, प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाओं) की शुरु त होगी। माता-पिता IFSP की कुछ सेवाओं को स्वीकार करने से मना कर सकते हैं और ऐसा करने से उन बाकी सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ता जिनके लिए वे सहमत हैं। माता-पिता और परिवार के दूसरे सदस्य IFSP बनाने के लिए सेवा संयोजक और टीम के अन्य सदस्यों के साथ काम करते हैं।

माता-पिता अपने एडवोकेट सहित किसी को भी IFSP की बैठकों में बुला सकते हैं। कम से कम हर 6 महीने में IFSP की समीक्षा की जाती है या अनुरोध करने पर इससे पहले भी की जा सकती है।

चूंकि Early Intervention (EI, प्रारंभिक हस्तक्षेप) का ध्यान इस बात पर होता है कि निरीक्षणों के बीच परिवार क्या करते हैं, इसलिए माता और पिता दोनों ही समय, तिथि और निरीक्षणों की जगह के साथ-साथ IFSP की बैठकों को निर्धारित करने में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं।

माता-पिता कभी भी IFSP की समीक्षा का अनुरोध कर सकते हैं भले ही समीक्षा बैठक हाल ही में हुई हो।

4. प्राकृतिक वातावरण में सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार:

प्राकृतिक वातावरण केवल उन जगहों तक सीमित नहीं है जहाँ बच्चे रहते, सीखते और खेलते हैं। प्राकृतिक वातावरण वे सभी गतिविधियाँ और रूटीन शामिल हैं, जो बच्चे रोज़ अपने घर और समुदाय में करते हैं। हर एक माता-पिता और उनकी टीम एक साथ मिलकर रणनीतियाँ बनाते हैं जिन्हें Early Intervention (EI, प्रारंभिक हस्तक्षेप) के दौरों के बीच उन नियमित गतिविधियों के हिस्से के तौर पर किया जा सकता है। छोटे-छोटे बदलाव करने और उन्हें दिन भर दोहराने से बच्चों में नए कौशल को विकसित करने में मदद मिलती है। जब दौरे को परिवार के प्राकृतिक वातावरण के अलावा कहीं और कराना होता है, तो IFSP की टीम को अपनी योजना में लिखित रूप से इस कारण के बारे में बताना होगा।

5. गोपनीयता का अधिकार:

बच्चे या उसके परिवार की व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी कोई भी जानकारी केवल Birth to Three के चुनिंदा कर्मचारी; या राज्य अथवा संघीय ऑडिटर या फिर अधिकृत एजेंसी तक ही होती हैं। अपने बच्चे के इलेक्ट्रॉनिक या लिखित रिकॉर्ड की जानकारी को किसी और के साथ साझा करने से पहले, माता-पिता को अपनी लिखित सहमति देनी चाहिए।

6. रिकॉर्ड की समीक्षा और संशोधन का अधिकार:

माता-पिता किसी भी समय अपने Birth to Three रिकॉर्ड के निरीक्षण और समीक्षा की मांग कर सकते हैं। इस अनुरोध का अनुपालन करने के लिए कार्यक्रम के पास 10 दिन होते हैं। फ़ाइल की समीक्षा करने के बाद यदि माता-पिता को लगता है कि कोई गलती है तो वे बदलाव करने के लिए या फिर यदि रिकॉर्ड अधूरा है तो वे उसमें और जानकारी जोड़ने के लिए कह सकते हैं। यदि कार्यक्रम बच्चे के रिकॉर्ड को बदलने के अनुरोध से असहमत होता है, तो माता-पिता इस निर्णय को चुनौती देने के लिए सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं। माता-पिता अपने बच्चे के रिकॉर्ड की एक मुफ़्त कॉपी प्राप्त कर सकते हैं। अतिरिक्त कॉपी के लिए कार्यक्रम द्वारा शुल्क लिया जा सकता है।



7. लिखित शिकायत दर्ज करने का अधिकार:

किसी मसले को हल करने का सबसे असरदार तरीका है परिवार के सेवा संयोजक, कार्यक्रम निदेशक, या Birth to Three की मुख्य एजेंसी से बात करना। अगर माता-पिता को लगता है कि उनके अधिकारों का उल्लंघन किया गया है या कानून का उल्लंघन हुआ है, तो वे प्रारंभिक बाल्यावस्था के कार्यालय के साथ, Birth to Three प्रणाली की मुख्य एजेंसी के तौर पर एक हस्ताक्षरित लिखित शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस शिकायत को **CTBirth23@ct.gov** पर ईमेल किया जा सकता है या फिर निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा भेजा जा सकता है:

Connecticut Birth to Three System
450 Columbus Blvd., Suite 205
Hartford, CT 06103

लिखित शिकायत की एक कॉपी Birth to Three कार्यक्रम को भी भेजी जानी चाहिए। सबसे अच्छा होगा यदि इसे माता-पिता द्वारा भेजा जाए, लेकिन अगर आप चाहें तो मुख्य एजेंसी इसमें आपकी मदद कर सकती है।

मुख्य एजेंसी लिखित शिकायत की जांच करेगी और शिकायत मिलने के साठ (60) दिनों के अंदर लिखित जवाब देगी। जब तक इस मतभेद का समाधान किया जा रहा होता है तब तक, जैसा कि वर्तमान IFSP में बताया गया है, परिवार EI की सेवाएं प्राप्त करना जारी रख सकता है। ऐसा तब तक हो सकता है जब तक कि माता-पिता और टीम योजना को बदलना न चाहें।

8. विवादों को सुलझाने की प्रक्रिया:

मतभेद को सुलझाने या Birth to Three को यह सूचित करना कि हो सकता है कानून का उल्लंघन हु है- इन दोनो का एक और तरीका है मध्यस्थता या सुनवाई का अनुरोध करना। मध्यस्थता में, एक निष्पक्ष और प्रशिक्षित मध्यस्थ की मदद से परिवार और कार्यक्रम के कर्मचारियों के बीच मतभेद के विवरण पर बातचीत होती है। मध्यस्थ, माता-पिता और कार्यक्रम के साथ मिलकर एक ऐसा समाधान निकालने का काम करेगा जो दोनों के लिए उचित हो और साथ ही समझौते की शर्तें तैयार करेगा। एक नियत सुनवाई प्रक्रिया का अनुरोध करने के लिए माता-पिता OEC से भी संपर्क कर सकते हैं। यह एक निष्पक्ष सुनवाई अधिकारी के सामने की जाने वाली एक अधिक औपचारिक प्रक्रिया है। माता-पिता के पास विशिष्ट रूप से उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक वकील होगा और Birth to Three कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व एक सहायक अटॉर्नी जनरल द्वारा किया जाएगा।

अनुरोध किए जाने पर, Mediation in Early Intervention Services (प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाओं में मध्यस्थता) की एक कॉपी या Due Process Hearings (नियत सुनवाई प्रक्रिया) नामक पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी। एक कॉपी पाने के लिए **CTBirth23@ct.gov** पर ईमेल करें या **860-500-4400** पर कॉल करें।

कोई सवाल है?

माता-पिता के अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए पहले सेवा संयोजक, टीम के किसी व्यक्ति या कार्यक्रम के निरीक्षक या निदेशक से बात करें। दूसरे माता-पिता से बात करने के लिए, नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें:

CONNECTICUT PARENT ADVOCACY CENTER

860-739-3089

338 Main Street
Niantic, CT 06357

CPACInc.org • cpac@cpacinc.org

माता-पिता किसी भी समय, Office of Early Childhood (OEC) को संपर्क कर सकते हैं, जो कि IDEA के भाग C के लिए Birth to Three की मुख्य एजेंसी है।

CT OFFICE OF EARLY CHILDHOOD

860-500-4400

BIRTH TO THREE SYSTEM

450 Columbus Boulevard
Suite 205
Hartford, CT 06103

Birth23.org • CTBirth23@ct.gov

इस उत्पाद को Individuals with Disabilities Education Act (विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम) के तहत U.S. Department of Education (अमेरिकी शिक्षा विभाग) द्वारा प्रदान किए गए वित्तपोषण के माध्यम से विकसित किया गया था।

OEC